कार्यालय : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी

प्रशासनिक आदेश

पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी के पत्र संख्या: भ-302/2023 दिनांक : मार्च 28, 2024 जो माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को इस आशय से प्रेषित किया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग-6 के शसनादेश संख्या : 74/2023/2729 पी/6 पु-6-2023-300(13) 2014 दिनांक 14.12.2023 द्वारा जनपद बाराबंकी में साइबर क्राइम पुलिस थाना की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी है। माननीय मुख्यमंत्री जी उ०प्र० शासन द्वारा दिनांक 28.02.2024 को विधिवत ऑनलाइन शुभारम्भ के क्रम में पुलिस लाइन बाराबंकी में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद बाराबंकी का संचालन किया जा रहा हैं और अनुरोध किया है कि उपरोक्त थाना में पंजीकृत होने वाले अपराधो के सम्बन्ध में प्रथम सूचन रिपोर्ट/अभियोग दैनिकी व माननीय न्यायालय सम्बन्धित अन्य समस्त प्रपत्रों के आदान प्रदान हेतु समस्त सम्बन्धित को यथोचित आदेश/निर्देश प्रदान करने की कृपा करे।

पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी के उपरोक्त पत्र पर माननीय जनपद न्यायाधीश के आदेश दिनांकित 28.03.2024 के अनुपालन में मजिस्ट्रेट न्यायालयो के कार्य वितरण आदेश दिनांकित 21-11-2023 के क्रम में निम्नवत आदेश पारित किया जाता है जो दिनांक 01.04.2024 से लागू होगा ---

(1) **साइबर क्राइम पुलिस थाना से सम्बन्धित समस्त** पुलिस चलानी वाद (भा0 दं0 सं0 की धारा-302 व 304 बी को छोड़कर), परिवाद एवं घरेलू हिंसा के वाद, प्रकीर्ण वाद व सम्पत्ति सुपुर्दगी के वादो की सुनवाई का क्षेत्राधिकार **अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं०-16 बाराबंकी** के न्यायालय का होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट न्यायालयो के कार्य वितरण आदेश दिनांकित 21-11-2023 पूर्व की तरह प्रभावी रहेगा।

सम्बन्धित कार्यालय लिपिक पत्रावलियॉ सम्बन्धित न्यायालय को आदेश प्रभावी की तिथि से भौतिक रूप से तथा C.I.S. के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करे।

दिनांक 30-03-2024

(**शिवानी रावत**)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
बाराबंकी।

S.O. to do the needful.
02/04/24

प्रतिलिपि-

माननीय जनपद एवॅ सत्र न्यायाधीश महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

निम्नलिखित को अनुपालनार्थ प्रेषितः-

1. पुलिस अधीक्षक बाराबंकी।
2. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं0 17, बाराबंकी।
3. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं0 19, बाराबंकी।
4. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं0 25, बाराबंकी।
5. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं0 16, बाराबंकी।
6. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं0 11, बाराबंकी।
7. सिविल जज (सी0 डि0) F.T.C/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट . कोर्ट नं0-38, बाराबंकी।
8. सिविल जज (जू0 डि0)/F.T.C. न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं०-43, बाराबंकी।
9. अपर सिविल जज (जू0 डि0) कोर्ट नं०-39 बाराबंकी।
10. सिविल जज (जू0 डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0-24, हैदरगढ, बाराबंकी।
11. संयुक्त निदेशक, अभियोजन बाराबंकी।
12. अध्यक्ष जिला बार एसोसियेशन, बाराबंकी।
13. अधीक्षक जिला कारागार, बाराबंकी।
14. कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय, बाराबंकी।
15. कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी।

30/3/24

सी0 जे0 एम 0, बाराबंकी।
30-03-2024